पंजाब केसरी 25/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई 'सस्टेनेबिलिटी पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता'

अम्बाला, 23 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की लैंग्वेज लैब द्वारा विद्यार्थियों में सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'सस्टेनेबिलिटी पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता' शीर्षक से एक रचनात्मक एवं इंटरएक्टिव ओपन फोटोग्राफी गतिविधि का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों को कॉलेज परिसर के भीतर से एक मौलिक फोटोग्राफ लेने के लिए आमंत्रित किया गया, जो उन्हें सततता (सस्टेनेबिलिटी) अपनाने के लिए प्रेरित करता हो। विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी संवेदनशीलता और रचनात्मक दृष्टिकोण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में प्रस्तुत फोटोग्राफी में पर्यावरण संरक्षण, जिम्मेदार उपभोग, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, हरित क्षेत्र, पुनः चक्रण गतिविधियां तथा सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले प्रयासों को अत्यंत सृजनात्मक ढंग से दर्शाया गया। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से पर्यावरण उत्तरदायित्व का संदेश देने का सशक्त मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में एम.बी.ए. की छात्रा तन्वी ने 1.6 हजार व्यू के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक एवं पर्यावरणीय चेतना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक, जागरूकता आधारित एवं पर्यावरण हितैषी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन मेहक तलवार एवं हर्षिता लाम्बा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन कमलप्रीत कौर, डॉ. भारती सुजान, डॉ. दिशा अरोड़ा एवं यश्वी शर्मा द्वारा निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित 'सस्टेनेबिलिटी पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता' का आंकलन करतीं प्राध्यापिकाएं। (चंद्रमोहन)